भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3011

गुरुवार, 21 दिसंबर 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दाहोद विमानपत्तन

3011. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार गुजरात के दाहोद में विमानपत्तन के निर्माण का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ख) क्या सरकार को उक्त प्रयोजनार्थ कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डॉ.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ग): भारत सरकार ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति (जीएफए) 2008 तैयार की है। नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी विकासकर्ता हवाईअड्डा विकसित करना चाहता है, तो उन्हें एक उपयुक्त साइट की पहचान करनी होगी और हवाईअड्डे के निर्माण के लिए पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन कराना होगा और 'साइट-क्लीयरेंस' के बाद 'सैद्धान्तिक अनुमोदन' के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

भारत सरकार को गुजरात सरकार अथवा हवाईअड्डा विकासकर्ता से दाहोद, गुजरात में एक नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए 'साइट क्लियरेंस' हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****